TESTBOOK PREMIUM
1 MONTH SUBSCRIPTION PLAN
1200+ MOCK TESTS
₹99/-
testbook

# Important Current Affairs 28th October 2017 in Hindi with PDF

Here's the Hindi version of Important Current Affairs 28th October 2017. Now stay updates about important news and current affairs for SSC, IBPS and more bank & online government exams, in Hindi too! You can also download the [Important Current Affairs 28th October 2017] in Hindi as PDF and save for revision!

## Important Current Affairs 28th October 2017 in Hindi

- **गोकुल को शामिल करेगी NBA G-लीग साइड**
    - NBA मसौदे में शामिल होने वाले खिलाड़ियों में, गोकुल नतेसन 97वें स्थान पर हैं| वे NBA G-लीग साइड द्वारा हस्ताक्षरित किये जाने वाले भारतीय मूल के दूसरे खिलाड़ी बन गए|
    - नतेसन, 23, को क्लीवलैंड कैवलियर्स के एक माइनर लीग सम्बद्ध टीम, कैंटन चार्ज, द्वारा चुना गया|
    - नतेसन कंप्यूटर साइंस ग्रेजुएट की एक उल्लेखनीय यात्रा को पूरी कर रहे हैं, जो कॉलेज बास्केटबॉल और एप्लीकेशन डिजाइनिंग, दोनों कार्य कर रहे हैं|
- **EDII को AICTE पुरस्कार**
    - उद्यमिता विकास संस्थान भारत (EDII) को स्टार्ट-अप के समर्थन के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) द्वारा एक पुरस्कार मिला है|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

TESTBOOK PREMIUM
12 MONTH SUBSCRIPTION PLAN
1200+ MOCK TESTS
₹599/-
testbook

- इस प्रमुख संस्थान को यह पुरस्कार, प्रौद्योगिकी संस्थानों को बढ़ावा और प्रशिक्षण देने के लिए मिला|
- यह पुरस्कार चेन्नई में इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल के स्टार्ट-अप समिट 2017 के दौरान दिया गया|

- **जैकिंडा बनी न्यूज़ीलैंड की प्रधान मंत्री**
  - जैकिंडा आर्ड़ेन ने आधिकारिक तौर पर न्यूज़ीलैंड की प्रधान मंत्री पद की शपथ ली|
  - 37 वर्षीय, आर्ड़ेन, 150 वर्षों में न्यूज़ीलैंड की सबसे कम उम्र की प्रधान मंत्री है|
  - वे देश की तीसरी महिला नेता भी हैं और कहती हैं कि वे एक ऐसी सरकार का नेतृत्व करेंगी जो सक्रिय, केंद्रित, संवेदनशील और मजबूत है| न्यूज़ीलैंड ने 1996 के बाद पहली बार आनुपातिक मतदान अपनाया|
- **RIL का बाज़ार पूंजीकरण 6 ट्रिलियन के पार**
  - रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (RIL), अपने शयेर में इस वर्ष अभी तक 75% बढ़त के साथ 6 ट्रिलियन रूपए के बाजार पूंजीकरण को पार करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है|
  - वर्तमान में, इसकी बाजार पूंजी 6.02 ट्रिलियन रूपए है|
  - स्टॉक में हाल की बढ़त, इसकी टेलीकॉम शाखा, रिलायंस जियो द्वारा टैरिफ वृद्धि के कारण है, विश्लेषकों को उम्मीद है की यह कंपनी के मुनाफे में सुधार करेगी|
- **जेफ बेज़ोस: दुनिया के सबसे धनी व्यक्ति**
  - फोर्ब्स पत्रिका के अनुसार, जेफ बेज़ोस, बिल गेट्स को पछाड़ते हुए विश्व के सबसे धनी व्यक्ति बन गए हैं|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

TESTBOOK PREMIUM
1 MONTH SUBSCRIPTION PLAN
1200+ MOCK TESTS
₹99/-
testbook

- पत्रिका के ऑनलाइन संस्करण के अनुमान के अनुसार, अमेज़ॅन के संस्थापक की कुल परिसंम्पति, गेट्स की 90.1 बिलियन डॉलर की तुलना में 90.6 बिलियन डॉलर पहुंच गई|
- यह पहली बार नहीं है कि बेज़ोस ने गेट्स को पीछे छोड़ा है - इससे पहले जुलाई 2017 में अमेज़ॅन के शेयरों में ऐतिहासिक वृद्धि के कारण ऐसा हुआ था|

- **इन्फैन्ट्री डे - 27 अक्टूबर**
    - 27 अक्टूबर, 2017 को, भारतीय सेना ने इन्फैन्ट्री डे मनाया|
    - वेलिंगटन सैन्य स्टेशन ने 27 अक्टूबर 2017 को, अपना 71वां इन्फैंट्री डे को मनाया| मद्रास रेजिमेंटल सेंटर के युद्ध स्मारक में एक पुष्पांजलि समारोह (एक स्मारक स्थल पर फूल बिछाने की रस्म) आयोजित किया गया|
    - पुष्पांजलि भारत के लिए बलिदान देने वाले सैनिकों के सम्मान में रखी गयी थी|
- **पुनाथिल कुंजब्दुल्ला का निधन**
    - 27 अक्तूबर 2017 को, मलयालम के लेखक पुनाथिल कुंजब्दुल्ला का केरल के कोझिकोड में एक निजी अस्पताल में निधन हो गया|
    - कुंजब्दुल्ला लंबे समय तक एजिंग से जुड़ी बीमारी से पीड़ित थे|
    - पेशे से डॉक्टर पुनाथिल, एक प्रसिद्ध मलयालम लेखक थे| उन्होंने 45 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित की, जिसमें 7 उपन्यास, 15 लघु कथा संग्रह, संस्मरण, एक आत्मकथा और यात्रा-वृतांत शामिल हैं|
- **माणिकचंद समूह के अध्यक्ष का निधन**
    - 'गुटखा बैरन' के नाम से मशहूर उद्योगपति रसिकलाल धारीवाल, की पुणे में रूबी हॉल क्लिनिक में, पैरोटिड ग्रंथि कैंसर के कारण मृत्यु हो गई|


CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

TESTBOOK PREMIUM
12 MONTH SUBSCRIPTION PLAN
1200+ MOCK TESTS
₹599/-
testbook

- रसिकलाल धारीवाल, 78 वर्ष के थे|वे पैरोटिड ग्रंथि के कैंसर से पीड़ित थे|
- उनकी पत्नी, पुत्र और चार बेटियां हैं| रसिकलाल धारीवाल माणिकचंद ग्रुप ऑफ़ कम्पनीज़ के अध्यक्ष थे| उनका जन्म पुणे जिले के शिरूर तहसील में हुआ था|

- **ISSF विश्व कप में अमनप्रीत ने जीता कांस्य**
  - 27 अक्टूबर 2017 को दिल्ली में आयोजित इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन विश्व कप फाइनल के 50 मीटर पिस्टल फाइनल में भारत के अमनप्रीत सिंह ने तीसरा स्थान हासिल किया|
  - उन्होंने 80 में से 76 गोल किए, और स्वर्ण पदक विजेता हू बिइनयन (79) के तीन अंक पीछे रहे|
  - डॉ. करनी सिंह शूटिंग रेंज में पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में अमनप्रीत ने 202.2 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता|
- **जुरासिक काल के 'फिश-लिजार्ड' जीवाश्म की खोज**
  - भारत में पहली बार गुजरात के कच्छ जिले से 'फिश-लिजार्ड' की लगभग पूरी तरह से जीवाश्म बन चुके कंकाल में, जुरासिक युग में पाए जाने वाले समुद्री सर्पणशील प्राणी के एक किस्म की खोज की गयी है|
  - भुज शहर के कास पहाड़ियों के निकट इंडो-जर्मन भूवैज्ञानिकों की एक टीम द्वारा कंकाल की खोज की गई|
  - एक वर्ष के लंबे अध्ययन के बाद विशेषज्ञों ने यह निष्कर्ष निकाला है कि जीवाश्म जुरासिक युग से इक्थ्योसोर का था|
- **नायडू को 'गोल्डन पीकॉक अवार्ड'**



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

TESTBOOK PREMIUM
1 MONTH SUBSCRIPTION PLAN
1200+ MOCK TESTS
₹99/-
testbook

- लंदन में आयोजित 17वें लंदन ग्लोबल कन्वेंशन में, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्राबाबू नायडू को गोल्डन पीकॉक अवार्ड मिला|
- चंद्रबाबू नायडू को 'गोल्डन पीकॉक अवॉर्ड', 'लोक सेवा में लोक नेतृत्व और आर्थिक परिवर्तन' श्रेणी के तहत प्राप्त हुआ|
- 'गोल्डन पीकॉक अवार्ड, की स्थापना 1991 में भारतीय निदेशक संस्थान (IOD) द्वारा की गयी थी|

- **बेंगलुरु में पहला SAP लियोनार्डो केंद्र**
  - SAP ने बेंगलुरु में एशिया प्रशांत जापान क्षेत्र के पहले SAP लियोनार्डो केंद्र की शुरुआत की|
  - बेंगलुरू में लियोनार्डो केंद्र एशिया प्रशांत जापान क्षेत्र में सबसे पहला और विश्व स्तर पर चौथा SAP लियोनार्डो केंद्र है|
  - बेंगलुरु में लियोनार्डो केंद्र में IoT, ब्लॉकचैन, एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग, बिग डेटा, डेटा इंटेलिजेंस और SAP क्लाउड प्लेटफार्म जैसे डिजिटल रूपांतरण तत्व शामिल होंगे|
- **भारत सरकार और ADB में 65.5 करोड़ रुपये का ऋण करार**
  - एशियन डेवलपमेंट बैंक ने कर्नाटक के पश्चिमी तट पर तटीय क्षरण की जांच के लिए भारत सरकार के साथ 65.5 मिलियन अमरीकी डालर के एक ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं|
  - यह सतत तटीय संरक्षण और प्रबंधन निवेश कार्यक्रम के तहत 250 मिलियन अमरीकी डालर की वित्तपोषण सुविधा की दूसरी किश्त है|
  - ऋण के माध्यम से प्राप्त फंडों को तत्काल तटीय संरक्षण की जरूरतों के इस्तेमाल किया जाएगा|


CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

TESTBOOK PREMIUM
12 MONTH SUBSCRIPTION PLAN
1200+ MOCK TESTS
₹599/-
testbook

- **श्रीलंका में घरों का निर्माण करेगा भारत**
    - श्रीलंका के 50 मॉडल गांवों के माध्यम से भारत और श्रीलंका ने 1,200 घरों के निर्माण के लिए दो समझौतों पर हस्ताक्षर किए|
    - 600 करोड़ रुपए की भारतीय अनुदान सहायता के साथ 1200 घर बनाए जाएंगे|
    - भारत सरकार ने श्रीलंका के युद्ध-प्रभावित उत्तर और पूर्वी भाग में आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों (IDP) के लिए 50,000 घरों का वादा किया था|
- **बुरुंडी बना ICC छोड़ने वाला पहला देश**
    - अफ्रीकी देश बुरुंडी ने 27 अक्टूबर 2017 से अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय (ICC) छोड़ दिया है और ऐसा करने वाला पहला राष्ट्र बन गया है|
    - अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय हेग, नीदरलैंड में स्थित एक अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरण है|
    - मानव जाति के खिलाफ अपराध और युद्ध अपराधों के लिए व्यक्तियों पर मुकदमा चलाने का अधिकार है|
- **HOSTAC लागू करेंगे भारत, अमेरिका**
    - समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के प्रयासों के तहत भारत और संयुक्त राष्ट्र अमेरिका ने 'हेलीकाप्टर ऑपरेशन फॉर शिप्स अदर देन एयरक्राफ्ट कैरियर' (HOSTAC) को लागू करने पर सहमति व्यक्त की है|
    - भारत, US समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए HOSTAC को लागू करेंगे|
    - यह निर्णय भारतीय रक्षा मंत्री, सुश्री निर्मला सीताराराामण और अमेरिका के रक्षा सचिव जिम मैटिस के बीच एक बैठक के दौरान लिया गया था|
- **JNU में आपदा अनुसंधान केंद्र**


CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

TESTBOOK PREMIUM
1 MONTH SUBSCRIPTION PLAN
1200+ MOCK TESTS
₹99/-
testbook

- श्री किरण रिजिजू ने दिल्ली में जवाहरलाल नेहरू विश्वविध्यालय में आपदा अनुसंधान के लिए विशेष केंद्र का उद्घाटन किया|
- आपदा जोखिम प्रबंधन में केंद्र, परास्नातक और डॉक्टरेट कार्यक्रमों की पेशकश करेगा|
- पहले वर्ष, केंद्र भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में आपदा अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करेगा|
- उन्होंने प्रो. अमिता सिंह की पुस्तक डिजास्टर लॉ, इमर्जिंग थ्रेसहोल्ड' का विमोचन भी किया|

- **रेलवे के सौर संयंत्रों का पहला सेट**
  - पियुष गोयल ने 5 मेगावाट की क्षमता वाले सौर संयंत्रों के पहले सेट को हज़रत निजामुद्दीन, नई दिल्ली, आनंद विहार और दिल्ली रेलवे स्टेशनों की छत पर स्थापित किया|
  - संयत्रों का उद्घाटन 'ग्रीन इनिशिएटिव्स एंड रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन' पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में किया गया।
  - इन संयंत्रों से प्रति वर्ष 76.5 लाख यूनिट सौर ऊर्जा उत्पन्न होगी।
- **उपभोक्ता संरक्षण पर सम्मेलन**
  - मोदी ने नई दिल्ली में, पूर्व, दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के लिए उपभोक्ता संरक्षण पर 2 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया|
  - यह सम्मेलन उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय और व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के तहत उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है|
  - इस सम्मेलन की विषयवस्तु 'नई बाजारों में उपभोक्ताओं को सशक्त बनाना' है|
- **कर्नाटक ने दी ट्रांसजेंडर निति को मंजूरी**



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

TESTBOOK PREMIUM
12 MONTH SUBSCRIPTION PLAN
1200+ MOCK TESTS
₹599/-
testbook

- कर्नाटक मंत्रिमंडल ने एक ऐसी नीति को मंजूरी दी जो ट्रांजेन्डर समुदाय को कानूनी संरक्षण प्रदान करेगा और इस प्रकार उन्हें सामाजिक और यौन शोषण से बचाया जा सकेगा|
- इस नीति का उद्देश्य समुदाय से जुड़ी कुरीति को दूर करना और उन्हें समाज की मुख्यधारा में एकीकृत करना है|
- ट्रांसजेंडरों के अधिकारों के बारे में आम जनता को संवेदनशील बनाने के लिए एक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा|

**Attempt Current Affair Quiz for 28th October 2017**



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play